nandgaon times    dec-31-2.qxd    12/30/2024    11:56 PM    Page 1

संस्कार धानी की बहु रेखा ने... पृष्ठ 2 | प्रबंध निदेशक भीम सिंह... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




मंगलवार, 31 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 79, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## साय कैबिनेट के बड़े फैसले : राइस मिलों को दूसरे किस्त में दी जाएगी प्रोत्साहन राशि





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के मंत्रालय में चल रही साय कैबिनेट की बैठक खत्म हो गई है। यह बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, मंत्रिपरिषद द्वारा चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर शासन की एक्शन टेकन रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने आगे कहा कि, सीएम विष्णुदेव साय द्वारा फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री घोषित किया गया है। जिसके परिपालन में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' के प्रदर्शन पर प्रवेश हेतु देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने का अनुमोदन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आज मंत्रालय महानदी भवन में संपन्न हुई, जिसमें राज्य के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साय सरकार ने राईस मिलर्स को खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राईस मिलों को लंबित प्रोत्साहन राशि की द्वितीय किश्त देने का निर्णय लिया है। फिल्म च्द साबरमती रिपोर्टज् को टैक्स फ्री: मुख्यमंत्री ने फिल्म च्द साबरमती रिपोर्टज् को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री घोषित किया। इसके तहत फिल्म के प्रदर्शन पर राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने का अनुमोदन किया गया। धान और चावल परिवहन की दरों पर निर्णय: खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजना में धान और चावल परिवहन की दर के लिए राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा दर को स्वीकृत किया गया। चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा पर निर्णय: मंत्रिपरिषद ने चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर शासन की एक्शन टेकन रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने का निर्णय लिया। राईस मिलों को प्रोत्साहन राशि की द्वितीय किश्त: खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राईस मिलों को लंबित प्रोत्साहन राशि की द्वितीय किश्त प्रदाय किए जाने का निर्णय लिया गया।

## पिंकी गहलोत बाईसा (अजमेर) रे भजनां सूँ होसी 2024 री बिदाकडी ओर 2025 रो अभिनंदन



**बाबा रामदेव मंदिर में आज रात्रि 8 बजे से भजनों का आयोजन**

**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनंदगांव मैं बाबा रामदेव मंदिर के समस्त भक्त मंडल द्वारा अजमेर (राजस्थान) की भजन गायिका पिंकी गहलोत के मधुर भजनों के कार्यक्रम के साथ चालू वर्ष 2024 को बिदाई तथा 2025 का अभिनंदन किया जाएगा। यहां प्रचलित मारवाडी मैं बोले तो पिंकी गहलोत बाईसा(अजमेर) रे भजनां सूँ होसी 2024 री बिदाकडी ओर 2025 रो अभिनंदन।इस हेतु उदयाचल के पास स्थित प्रसिद्ध रामदेव बाबा मंदिर मैं बाबा भक्तों द्वारा जोरदार तैयारी चल रही है। जीतु शर्मा द्वारा बाबा मंदिर व परिसर की सजावट की जा रही है। मुकेश शर्मा,अनुराग हूंका,करण तंवर,सुकृत गुप्ता सहित अनेक बाबा भक्तगण तैयारी में जुटे है। मंदिर के पुजारीद्वय शरद व कोमल तंवर ने बताया कि बाबा के भक्तों का आज से 15 वर्ष पूर्व भाव जागा था कि नव वर्ष का भगवत् भक्ति के साथ अभिनंदन करते हुए चालू वर्ष को बिदा करे तथा नव वर्ष का अभिनंदन और तब से प्रतिवर्ष 31 दिसंबर की रात्रि में यहां ऐसा आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष आयोजन का यह लगातार 16 वां वर्ष है। कोमल तंवर ने कहा कि बाबा के युवा भक्तों की फोर्स हर समय मंदिर के आयोजनों में तन मन व धन से जुटी रहती है। उन्होने बाबा भक्तों के भाव व भक्ति को नतमस्तक होते हुए बाबा से उनके भली की मंगल कामना की। बाबा भक्त मुकेश शर्मा ने बताया कि भजन गायिका पिंकी गहलोत अजमेर से अपने पतिदेव के साथ राजनांदगांव पधार चुकी है। उनके भजनों का कार्यक्रम आज 31 दिसंबर रात्रि 8 बजे बाबा मंदिर मे: शुरु हो जाएगा। उन्होने अधिक से अधिक लोगो: को भजनों के इस आयोजन में आकर आयोजन को सफल बनाने काआग्रह किया है।

## सरपंच के घर एसडीएम ने मारा छापा, 360 कट्टा अवैध धान जप्त



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** देर रात नागतराई सरपंच के घर छापामार कार्यवाही कर 360 कट्टा अवैध धान की जप्ती बनाई गई है. धान खरीदी का कार्य जोरों पर है और कई किसान अलग अलग पैंतरा अपनाकर अन्य राज्यों से अवैध धान लाकर मंडियों में खपाने का खेल खेला जा रहा है. 29 दिसम्बर को एसडीएम मनोज मरकाम को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत नागतराई के किसान सज्जन वर्मा के द्वारा महाराष्ट्र से एक ट्रक धान लाकर सरपंच क्षत्रि बाई वर्मा के घर एवं गोदाम में अवैध धान लाकर रखा गया है. सूचना मिलने के बाद एसडीएम श्री मरकाम, अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू सहित अन्य स्टफ के साथ छापामार कार्यवाही की गई परंतु रात्रि का समय होने के कारण गोदाम व दुकान को सील कर दिया गया व 30 दिसम्बर को खाद्य निरीक्षक सिद्धांत मिश्रा व मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चन्द्राकर व पटवारी सहित अन्य कर्मचारियों के साथ जांच करने के बाद सरपंच के घर व सज्जन वर्मा की दुकान में 360 कट्टा अवैध धान की जप्ती बनाई गई है. वहीं गोदाम की जांच के दौरान 12 कट्टा पीडीएस के चावल की भी जप्ती बनाई गई है जिसकी जांच की जिम्मेदारी फूड इंस्पेक्टर को सौंपी गई है।

## गीता उपदेश के वर्णन के साथ रेंगाकठेरा शिव महापुराण कथा का हुआ समापन

### आचार्य के गीता पर प्रवचन ने श्रद्धालुओं के ज्ञान चक्षु खोले



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रेंगाकठेरा मे कथा के आखरी दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया। जगन्नाथ आरती और देवी जसगीत के साथ कथा का विश्रामा हुआ।आचार्य पं. युवराज पाण्डेय ने आखरी दिन की कथा में भगवत् गीता पर उद्बोधन देते हुए श्रद्धालुओं के ज्ञान चक्षुओं को खोलकर रख दिया। उन्होने गीता के सार का अपने स्तर पर वर्णन किया और इस बीच एकदम शांति छाई रही तात्पर्य कि श्रद्धालुगणों ने इसे रुचिपूर्वक तथा जिज्ञासापूर्वक सुना जिससे जरुर ही सभी के ज्ञान चक्षु खुले होंगे। आचार्यजी ने निष्काम कर्म का सविस्तार वर्णन करते हुए कुरुक्षेत्र के मैंदान में कृष्ण - अर्जुन संवाद का सरल शब्दों में वर्णन करते हुए निष्काम कर्म का महत्व बताया। आचार्य जी ने बताया कि महर्षि वेदव्यास ने कि इस ग्रंथ में 18 अध्याय और कुल 700 श्लोक हैं। इन श्लोकों में श्रीकृष्ण ने सही जीवन जीने और भगवान को पाने के अलग-अलग मार्ग या तरीके बताएँ हैं जिन्हें योग कहा जाता है। प्रमुख मार्ग हैं ज्ञान योग (ज्ञान का मार्ग), भक्ति योग (भक्ति का मार्ग) और कर्म योग (कर्म का मार्ग)। उन्होने बताया कि कुरूक्षेत्र के मैदान पर कौरवो और पांडवों के युद्ध का शंखनाद होने के बाद अर्जुन अपने गांडीव धनुष के साथ ही व्याकुल हो उठते हैं और युद्ध न लडने की बात करते है और तभी जाकर भगवान श्री कृष्ण कुरूक्षेत्र के बीच मैदान में अर्जुन को गीता का ज्ञान देते हुए ज्ञान योग, कर्म योग और भक्ति योग का उपदेश देते है। भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को कर्म योग के बारे में बताते हुए कर्म के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने का एक तरीका बताते है। इसमें व्यक्ति अपने कर्मों को बिना किसी अपेक्षा के करता है, और फल की चिंता नहीं करता। भक्तियोग भी भक्ति के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार कर भगवान के प्रति प्रेम और भक्ति का अभ्यास कराता है। गीता पाठ के बाद आरती - सीता राम लेले भैया जय के बेरा सीता राम लेने के साथ कथा विश्राम को प्राप्त हुई। इसके उपरांत गीतादान व महाप्रसादी संपन्न हुई जिसमे दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाकर स्वयं को धन्य किया। इस महान धार्मिक आयोजन में समस्त क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियों बाल युवा मंडल परदेशी साहू, ओमप्रकाश साहू, गणेश साहू, देवांक ठाकुर सहित अन्य अनेक ग्रामीणजन निष्काम भाव से दिन-रात जुटे रहे और जन सहयोग से इस धार्मिक आयैजन को भव्यता प्रदान करते हुए सफल बनाया।

## उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर चलने की चेतावनी

**रायपुर।** उत्तर छत्तीसगढ में एक जनवरी से कुछ जगहों में शीतलहर चल सकती है। आगामी पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अभी अगले 24 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में छह डिग्री तक क्रमिक गिरावट हो सकती है। रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा मनेंद्रगढ़ कोटाडोल में 20 मिलीमीटर दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस बलरामपुर में दर्ज किया गया। रायपुर शहर में सोमवार को आकाश साफ रहेगा।

## डॉ. रमन की अनुशंसा पर वार्ड नं.16 में मिली 5 लाख के शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के ठाकुर प्यारेलाल चौक, बजरंगबली मंदिर के पास, वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत, कार्यकर्ताओं व वार्डवसियो के समक्ष, पूर्व सांसद मधुसूदन ने शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ज्ञातव्य है कि वार्ड वासियों की वर्षो पुरानी मांग थी की प्यारेलाल चौक स्थित बजरंगबली मंदिर के पास शेड निर्माण करवाया जाये, जो विगत कांग्रेस शासनकाल में पूरी नहीं हो पाई थी। इस मांग को पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव ने डॉ0 रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधान सभा एवं विधायक राजनांदगॉव से समक्ष रखते हुए तत्संबंध में राशि स्वीकृति हेतु अनुरोध किया था, जिसपर सहमति जताते हुए डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर शेड निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रू. की राशि स्वीकृत करवाई गई है। उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पूर्व सांसद मधुसूदन ने पंडित ऋषि तिवारी (रिषु महाराज) के समक्ष अपने करकमलों से संपन्न किया। इस दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन के साथ पार्षद टोपेन्द्र (पारस) वर्मा, नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, हर्ष (गुड्डा) रामटेके, सतीश रेवतकर, तूफानी वर्मा, गणेश देवांगन, जीतू देवांगन, संदीप कड़ाऊ, महिला नेत्रीगण सुधा पवार, संगीता मिश्रा, दुर्गा, सहित अन्य वार्डवासीगण मौजूद रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंत में वार्डवासियों ने मंदिर के पास बहुप्रतिक्षित शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति हेतु डॉ0 रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन को धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शित किया। भूमिपूजन के इस आयोजन के उपरान्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने वार्डवासियों के साथ वार्ड में स्थित बजरंगबली एवं शिव मंदिर में पहुँचकर पूजा-अर्चना की एवं वार्डवासियों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना ।







# संस्कार धानी की बहु रेखा ने राजधानी में लहराया भा. तैलिक साहू राठौर महासभा आयोजन का परचम

## देश भर से पधारे तैलिक साहू महासभा के लोग,,,युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहितलिए गए समाज संबंधी निर्णय




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कार धानी नगरी की महिलाएं हर क्षेत्र में झंडा गाड़ रही है। यहां की एक सम्मानित साहू परिवार की बहु श्रीमती रेखा साहू राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय स्तर का 17 वां तैलिक साहू राठौर महासभा का भव्य आयोजन कर संस्कार धानी की नारी शक्ति का परचम लहराया है । देश भर के साहू समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति में राजधानी के भंसाली मैरिज पैलेस में आयोजित इस महाधिवेशन में श्रीमती रेखा साहू की समाज संबंधी कार्य की भूरि- भूरि प्रशंसा व सराहना की गई और समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा उनका भावभीना सम्मान किया गया।

बता दें कि संस्कार धानी राजनांदगांव की बहु श्रीमती रेखा साहू शुरू ?से हौ जागरुक प्रवृत्ति की होने के कारण रचनात्मक कार्यों सहित समाज ? सेवा के कार्यों में रुचि रखती ? है। यही वजह है कि उन्हें अ0भा0 तैलिक साहू महासभा - न ई दिल्ली की महिला विंग का ? अध्यक्ष बनाया गया हैं। वे तैलिक साहू राठौर समाज को उन्नति और प्रगति की राह में तेजी से ले जाने के लिए पूरे प्राण - प्रण से प्रयत्न रत है।

**देश के 27 राज्यों से पधारे सामाजिक जन**

श्रीमती रेखा साहू के नेतृत्व में इस महाधिवेशन में 27 राज्यों से पधारे समस्त पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के सभी पदाधिकारी सहित सामाजिक बंधु-बांधव सपरिवार अपनी उपस्थिति देकर इस कार्यक्रम को अति महत्वपूर्ण बनाकर इसे पूरी तरह सफल बनाया। इस महाअधिवेशन में पधारे विशिष्ट अतिथि गणों में उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरुजी,म. प्र तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रविकरण साहू , उत्तर प्रदेश पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता छत्तीसगढ़ महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू , पूर्व आईएएस अधिकारी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा संगठन के संरक्षक एवं राष्ट्रीय निदेशक सहकारी समिति के लखन लाल साहू ,राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश नंदलाल साहू , संस्थापक अध्यक्ष राम नारायण बाबूजी के सुपुत्र राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष संजय साहू ,राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति,राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी प्रकोष्ठ व प्रांतीय कार्यकारिणी के लोग उपस्थित थे।

**युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित-** दिसंबर माह के अंत में राजधानी में आयोजित इस भव्य सामाजिक अधिवेशन में विवाह योग्य युवक - युवतियों का परिचय सम्मेलन रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में युवक- युवतियों ने अपने परिजनों के साथ भाग लिया। इस दौरान रायपुर, दुर्ग- भिलाई , महासमुंद की महिला समितियों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रांतीय महिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि-विजय साहू,जिला अध्यक्ष संतोष साहू, युवा अध्यक्ष संकेत साहू, महिला अध्यक्ष श्रीमती सरिता साहू की सहयोगात्मक उपस्थिति बनी रही।

**अधिवेशन में महत्वपूर्ण लिए गए निर्णय-** इस महाअधिवेशन बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं व समाज की महिला पदाधिकारियों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया गया,जिसका संचालन राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष रेखा दिनेश साहू द्वारा किया गया जिसमे विभिन्न राज्यों से पधारी महिला पदाधिकारी ने सामाजिक हित में अपने महत्वपूर्ण विचार रखें। इस दौरान मुख्य अतिथियो के संबोधन के साथ ही मनोनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ ? साथ ही दमोह के सत्येंद्र साहू द्वारा लिखित पुस्तक ने



करो- 95 नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। अ0भा0 तैलिक साहू राठौर महासभा के इस महाअधिवेशन में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सरकार से मांग की गई कि जो इसाई और मुसलमान बन रहे हैं उन्हे ओबीसी वर्ग का आरक्षण नहीं दिए जाए व सामान्य वर्ग में रखा जाए।? इसी तरह तैलीय समाज द्वारा अनुसूचित जन जाति से लिए गए जमीन के संबंध में तथा पूर्व राज्य सभा सांसद व अ0भा0 तैलिक साहू राठौर महासभा के संस्थापक रामनारायण बाबू को पद्म विभूषण सम्मान देने की मांग की गई।इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति, राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी प्रकोष्ठ,प्रांतीय कार्यकारिणी समिति, प्रांतीय कार्यकारिणी महिला प्रकोष्ठ व सभी जिलों की की समस्त समिति के पदाधिकारी/ ?सदस्यो व सामाजिक लोगों की गरिमामय उपस्थिति बनी रही।इस भव्य सामाजिक अधिवेशन में आगत सभी महानुभावों की आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती रेखा - ?दिनेश साहू ने किया। उक्ताशय की जानकारी समाज के सचिव श्रीमती श्रद्धा साहू द्वारा दी गई ।

# कईयों से साढ़े 42 लाख रू. वसूलना बाकी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत द्वारा आज लगभग 58 बड़े बकायादारों की सूची जारी करते हुए 15 दिवस के भीतर बकाया नहीं चुकाये जाने पर संपत्ति कुर्की की कार्यवाही किये जाने का अल्टीमेटम दिया है। नगर पंचायत द्वारा पहली बार ऐसे बकायादारों की सूची प्रेस को जारी की गई है। नगर पंचायत के सीएमओ विनम्र जेमा ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि बार बार नोटिस, समयावधि देने के बाद भी नगर के कुछ स्वनामधन्य व्यापारी और नागरिक अपने नाम से बकाया के भुगतान में कोताही बरत रहे हैं। इससे पहले उन्हें अनेकों मर्तबा नोटिस जारी की जा चुकी है। पिछले दिनों उन्हें पुन: 15 दिनों का समय दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा बकाया का भुगतान नहीं किये जाने पर अब उनके विरूद्ध वारंट जारी कर सम्पत्ति कुर्की किये जाने का कार्यवाही की जायेगी। उन्होनें बताया कि इन बकायों में अधिकांशत: नगर पंचायत के आधिपत्य की ली गई दुकानों का बकाया है, जिन्हें नीलामी के अलावा अन्य प्रकार से ली गई है। इसके अलावा कुछ नागरिक समेकित कर, संपत्ति कर सहित अन्य कर जमा नहीं कर रहे हैं। सीएमओ श्री जेमा ने जो सूची जारी की गई है, उनके अनुसार कुल 58 बकायादारों से कुल लगभग साढ़े 41 लाख रू. वसूलना बाकी है। जारी सूची अनुसार राजेश राजपूत से 14,18,789 रू., शेख नईम से 6,46,426 रू., पुरूषोत्तम गुप्ता से 3,86,816 रू., शेख अखताब से 1,42,283 रू., नूरी खान से 1,38,797 रू., साहिल मालेकर से 1,13,000 रू., अहमद खान से 59,089 रू., बृजमोहन गुप्ता से 81,789 रू.,शेख जसीम 71,797 रू., पुरूषोत् तम साहू 53,350 रू., संगीता जैन रश्मि जैन से 48,368 रू., सुधीर जैन 44,500 रू., पुष्पा जैन 33,864 रू., चंदाबाई साहू से

### व्यय रजिस्टर में हर दिन के खर्च का रखना होगा हिसाब

40,610 रू., मेहतरीन बाई राजपूत 39,070 रू., करण सिंह राजपूत 38,797 रू., राजकुमार जैन 38,772 रू., अशोक बोहरा 33,236 रू., युवराज दास वैष्णव 60,818 रू., पुष्पा गुप्ता 15,972 रू., विजय चोपड़ा 26,660 रू., खेलन सिंह राजपूत 26,403 रू. बकाया है। इसी प्रकार छेदीलाल चक्रधारी से 26,130 रू., कृष्ण कुमार वैष्णव से 26,040 रू., कमलेश नखत से 25,720 रू., कबीर अहमद से 25,666 रू., सुरेश कुमार गुप्ता से 23,804 रू., खीरमणी सोनकर से 22,905 रू., फरीदा सैफी 17,046 रू., शांतिदेवी शर्मा से 11,861 रू., सूरज कुमार सिंधी से 16,710 रू., रमा भीमटे से 21,672 रू., अनुहूति बाई ठाकुर से 21,520 रू., बेलाबाई साहू से 20,895 रू., हेमंत कुमार बोरकर से 20,220 रू., संदीप शिखर विकास जैन से 20,046 रू., धनराम पटेल से 19,895 रू., शमशाद बेगम से 19,872 रू., जीवन दास वैष्णव से 19,541 रू., मंगतूराम यादव से 19,338 रू., लखनलाल गुप्ता से 13,664 रू., योगेश कुमार कुम्हार से 17,163 रू., राजकुमार पंजवानी से 16,750 रू., भारतलाल श्रीवास्तव से 16,160 रू., शंकर लाल साहू से 15,365 रू. सहित लालाराम साहू, दिनेश पटेल, बल्दूराम साहू, चमारराय साहू, रेवादास मानिकपुरी, प्यारेलाल निषाद, अहिल्याबाई गुप्ता, प्यारेलाल निषाद, शत्रुघन सतनामी, रामखिलावन साहू, अजीत कुमार जैन, रफीक खान व दुर्गेश साहू का बकाया निकल रहा है।

**बकायादारों में रसूखदार व्यापारी तथा सरकारी कर्मचारी भी**

नगर पंचायत के सीएमओ विनम्र जेमा द्वारा प्रेस को जो बकायादारों की सूची जारी की गई है, उनमें कई रसूखदार व्यापारी हैं, तो कई सरकारी कर्मचारी भी हैं। जिनके लिए उपरोक्त बकाया चुकाना कोई बड़ी बात नहीं है। इन्हीं बकायादारों में कांग्रेस और भाजपा से सम्बद्ध व्यापारी भी हैं, जिनका सार्वजनिक क्षेत्र में बड़ा नाम हैं। इनमें से कई तो आगामी नगरीय निकाय चुनाव में उम्मीदवारी भी जता चुके हैं और चुनाव लडने् की मंशा पाले हैं। निर्वाचन आयोग के नियमों में बकायादारों के चुनाव लडने् पर अयोग्यता होगी, तो ऐसे अनेक लोग चुनाव लडने् से वंचित भी हो सकते हैं। इनके अलावा बड़े बकायादारो के नाम भी ओपन किया जाएगा।

# पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने इंजीनियर जीआर देवांगन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजीयन क्रमांक 1844 के बहु-प्रतीक्षित राजनांदगांव जिला का पुनर्गठन 28 दिसंबर रविवार को संपन्न हुआ। प्रांतीय महामंत्री केपी सिंह ने प्रांतीय अध्यक्ष के अनुमति से जिले का पुनर्गठन प्रस्ताव आज निर्धारित तिथि के बैठक में रखा। जिसमें इंजीनियर जीआर देवांगन का नाम जिला अध्यक्ष हेतु सदन से प्रस्तावित किया गया, जिसे सर्वसम्मति से सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित सभी पेंशनर्स साथियों ने हर्ष ध्वनि से प्रस्ताव पारित किया। इसी तरह सभी तहसील अध्यक्षों का भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर गठन किया गया। जिसमें जिला राजनांदगांव अंतर्गत राजनांदगांव शहर के लिए बीटी वाल्दे, राजनांदगांव ग्रामीण के लिए जीएल सोनबोईर कुमरदा के लिए पी आर चंद्रवंशी , छुरिया के लिए के आर साहू डोंगरगांव के लिए महेश कुमार अत्री एवं डोंगरगढ़ के लिए अश्वनी नायक तहसील अध्यक्ष बनाए गए। जिला पुनर्गठन के अवसर पर प्रदेश, पूर्व जिला/तहसील पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या उपस्थित थे कार्यक्रम में दीपक सिंहा राजेश कुमार रथी एस के सिंह डीडी पांडे गेंदराम देवांगन , विजय निषाद हसीना खान, पुष्पा सवारकर बुन्दा वर्मा नसीम अहमद ए एच अंसारी डी एल चंद्रवंशी एसबी सिंह एस के सिंह बीरबल सिंह ठाकुर मुन्नालाल मोंगरे प्रताप सिंह ठाकुर जयलाल साहू मानसिंह ठाकुर सुफल राय एम एल हुमने मानसिंह धनकर लखन लाल साहू गजेंद्र चंद्रवंशी एलडी बडोनिया मोतीराम धनकर रिखी राम साहू महेश्वर प्रसाद साहू गणेश प्रसाद साहू पीके परगनिहा एम एच सिद्दीकी चंद्रकांत देवआर के शिवहरे के के दास विवेक जोशी ओपी मेश्राम एचएन साहू राजकुमार नेताम एसडी साव बैद्यनाथ तिवारी बिहारी लाल सेन केजू ठाकुर एस एच हुसैन एस आर नागेश्वर बीके तिवारी त्रिभुवन पाण्डे अरुण राय राजकुमार परेता सीएस कुरान्ने छबीले मिश्रा आदि पेंशनर साथियों ने प्रत्यक्ष उपस्थिति देकर संगठन को मजबूत बनाया। इस अवसर पर संगठन के वयोवृद्ध संरक्षक/ पूर्व कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डीएन साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, आज राजनांदगांव जिले के गठन पर प्रसन्नता व्यक्त की, तथा नए पदाधिकारीगण को आशीर्वाद प्रदान किया है।

## छुहीया रेंगाकठेरा डोंगरगढ़ में रासेयो शिविर जारी

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला



रेंगाकठेरा पारा गांव खुर्द, मुसरा, सुकुलदैहान के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 23/12/2024 दिन सोमवार से ग्राम छुहीया रेंगाकठेरा वि. ख. डोंगरगढ़ मे सात दिवसीय आवासीय शिविर जारी हैं । शिविर के दूसरे दिवस के बौद्धिक चर्चा में श्री अभय श्रीवास्तव व्याख्याता मुसरा उपस्थित हुए जो बच्चों को सामाजिक कुरीतियों के बारे में अवगत कराये शिविर के तीसरे दिवस श्री अनिल कुमार जंघेल व्याख्याता पारागांव खुर्द उपस्थित हुए जो प्रयावरण संरक्षण एवं समाज के विचारों में सोशल मीडिया के प्रभाव पर बच्चों को जागरूक किये एवं ठ्ठह्म्ह्य के जिला संगठक श्रीमती मोनिका दास उपस्थित हुई जिन्होंने बच्चों ठ्ठह्म्ह्य के इतिहास एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में चर्चा रखी शिविर के चतुर्थ दिवस बाल संरक्षण विभाग राजनांदगाव से श्री संतोष केवट एवं श्री जंघेल सर जी उपस्थित हुए उन्होंने बच्चों आज की विषम परिस्थिति से अवगत कराते हुए पासको एक्ट से जागरूक कराये शिवीर के पंचम दिवस पर श्री एफ आर वर्मा प्राचार्य भेड़ीकला एवं अध्यक्ष लक्ष्य छत्तीसगढ़ उपस्थित हुए जिन्होंने बच्चों करियर गाइड लाइन्स करते हुए बच्चों को प्रेरित किये। उक्त शिविर में 205 स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी श्री दानेश्वर लिलहारे, श्री पुनेश्वर साहू, श्री भानु प्रताप लोधी, श्रीमती सुनीता धुर्वे, एवं श्री अनिल कुमार जंघेल शामिल हुए।

## क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद लिया रोशनी वैष्णव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत राजनांदगांव



जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव ने ग्राम धामनसरा के राजीव युवा मितान क्लब साथियों को बस्तर धरोहर संस्कृति के दर्शन तीन दिवसीय यात्रा पर तीरथगढ़ जलप्रपात चितकुट जलप्रपात कुतुमसर गुफा ढोलकर पहाड़ गणेश मूर्ति बारसूर मांमा भांजा मंदिर मां दंतेश्वरी मंदिर पुजा अर्चना कर क्षेत्र सुख समृद्धि वैभव कामना किया भूषण उइके घना राम पटेल गंगा पटेल किरण निषाद राधिका पटेल कु कंचन कु भारती पटेल निषाद देवकी निषाद मोतिम उइके शामिल रहा।

## निधन



**कामिन साहू**

**सुरगी (नांदगांव टाइम्स)।** मंडल साहू संघ मुड़पार के महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका , मितानिन श्रीमती कामिन साहू का 30 दिसंबर को 55 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया । वे कुंजराम साहू की धर्मपत्नी, ताम्रध्वज साहू, डा. एस कुमार साहू की मां, साहित्यकार ओमप्रकाश साहू अंकुर एवं माखन लाल साहू की भाभी थी। वे सामाजिक, धार्मिक कार्यों में सक्रिय ता से भाग लेती थी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं परिवारिक जन उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विजन नि:शुल्क कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने किए बस्तर भ्रमण



**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** विजन नि:शुल्क कोचिंग संस्थान टोलागॉव,विकासखण्ड ,जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ के विद्यार्थियों ने नीलकंठ कोमरे,राजू निर्मल, उजागर सिंह भंडारी, किरण मंडावी के मार्गदर्शन में बस्तर भ्रमण किए।यहाँ लोक संस्कृति, परंपरा, धार्मिक पर्यटन, बस्तर हाट (बाजार), मुर्गा लड़ाई, घोटुल पर्यटन के आकर्षण हैं जो देश के अन्य किसी पर्यटन स्थल पर नहीं देखे जा सकते। छत्तीसगढ़ का भू-भाग, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संपन्न है फिर चाहे वह कांकेर घाटी हो, विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट का जलप्रपात हो या फिर कुटुंबसर की गुफाएं ही क्यों न हों। प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर सदाबहार लहलहाते सुरम्य वन, जनजातियों का नृत्य-संगीत और घोटुल जैसी परंपरा यहाँ का मुख्य आकर्षण हैं।इस मन्दिर का निर्माण 14वीं शताब्दी में हुआ था। दन्तेवाड़ा का नाम देवी दन्तेश्वरी के नाम पर ही पड़ा है जो काकतीय राजाओं की कुलदेवी हैं। परम्परागत रूप से देवी दन्तेश्वरी बस्तर राज्य की भी कुलदेवी हैं बस्तर को 'छत्तीसगढ़ का कश्मीर' कहा जाता है. यह अपने नैसर्गिक सौंदर्य के लिए मशहूर है. बस्तर में कई जलप्रपात हैं, जिनमें से कुछ के बारे में जानकारी:तीरथगढ़ जलप्रपात: यह बस्तर का दूसरा सबसे बड़ा जलप्रपात है. यह मुनगाबहार नदी पर बना है और 100 फुट से ज़्यादा ऊंचा है. इसे बस्तर की जान कहा जाता है. चित्रधारा जलप्रपात: बस्तर की खूबसूरती का एक अद्भुत उदाहरण है. यह 50 फुट की ऊंचाई से गिरता है. बस्तर में कई गुफ़ाएं भी हैं, जिनमें से कुछ के बारे में जानकारी:कोटमसर गुफ़ा: यह कांगेर वैली नेशनल पार्क में है. यह बहुत बड़ी गुफ़ा है और इसके अंदर अलग-अलग तरह की आकृतियां बनी हुई हैं. बस्तर में कई जनजातीय समुदाय रहते हैं, जिनमें गोंड, मारिया, मुरिया, भतरा, हल्बा, धुरुवा समुदाय शामिल हैं. बस्तर में बैंबू रायडिंग का भी मज़ा लिया जा सकता है. बस्तर में बस्तर पैलेस भी है, जिसे बस्तर के शासकों ने बनवाया।बस्तर भ्रमण में नीलकंठ कोमरे,उजागर भण्डारी,राजू निर्मल, किरण मंडावी, हेमा सिन्हा, भगवती निषाद, यदु मैम ,भूविक कोमरे,सोनली कोमरे,नोमिता साहू, गौरी साहू,टिलेश्वरी निषाद ,मीनाक्षी निषाद,मोनिका टेकाम,भारती नेताम,चांदनी, अंशु, मोना , देवेश्वरी उइके,पादमंजलि साहू,दामनी साहू,डिम्पल साहू,भास्कर भंडारी,गोपीचंद,तारणी ,सजनू निर्मलकर,बस्तर के पर्यटन स्थलों को देख आनंदित हुए।

## कलेक्ट्रेट के नाक के नीचे दारू भट्टी खोलना शर्मनाक - विक्की पटेल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला



सचिव व कांग्रेस के युवा नेता विक्की पटेल ने अपने एक जारी बयान में कहा कि भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम से बने चौक चौराहे पर राज्य शासन ने विदेशी मदिरा दुकान खोलकर नियम कायदों को पैरों तले रौंद डाला है। श्री पटेल ने आगे कहा कि नेशनल हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग के अंबेडकर चौक में सत्यम मेडिकल स्टोर्स के बाजू में विदेशी मदिरा दुकान खोलें दो-चार दिन ही हो रहे हैं। जो कि कलेक्टर ऑफिस से महज 200 मीटर दूर है इस व्यवस्थापन चौराहे पर वह भी मुंबई कोलकाता रोड में राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाई ओवर के सर्विस रोड से लगकर खोली गई है। खुद सरकार का नियम कहता है कि किसी भी हाईवे से 500 मीटर दूर शराब भट्टी होनी चाहिए कोई भी शराब भट्टी खुलता है तो आधा किलोमीटर दूर होनी चाहिए। नेशनल हाईवे पर शराब भट्टी खोलकर सरकार अपने ही नियम का पालन नहीं करके अपने नियम के धज्जियां उड़ा रहे हैं। और कहीं पर आम आदमी शराब पीते पकड़े गए तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है। सरकार के सरकारी शराब दुकान से कोई भी व्यक्ति दो-चार बोतल शराब लेकर आए तो उन्हें अवैध शराब के मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है।

# नाबार्ड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और विकास की दिशा में किया जा रहा महत्वपूर्ण कार्य

## आधुनिक कृषि, जल संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, एफपीओ, कोर बैंकिंग सॉल्यूशन के माध्यम से किए जा रहे विकासात्मक कार्य

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने राजनांदगांव में विभिन्न विकासात्मक पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन पहल का उद्देश्य कृषि, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। कृषि क्षेत्र विकास के लिए नाबार्ड के कृषि क्षेत्र संवर्धन निधि के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे फसल उत्पादन में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और मूंग, मक्का, कपास और सरसों जैसे नई फसलों का उत्पादन हो रहा है, जिससे किसानों की आय में सुधार हुआ है। जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए विभिन्न जलसंभर विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनसे 118650 हेक्टेयर क्षेत्र में जल एवं मृदा संरक्षण हो रहा है और शिवनाथ नदी के जल स्तर में सुधार हुआ है। नाबार्ड के जनजातीय विकास निधि (टीडीएफ) के तहत बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर उसमें फलदार वृक्षों जैसे आम, कटहल, नींबू और अमरूद तथा सब्जियां की बाड़ी बनाई गई है, जिससे कई किसान परिवारों की आय में वृद्धि हुई है।राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन और समर्थन किया है, जिससे नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है और महिलाओं को रोजगार मिला है। नाबार्ड ने राजनंदगांव जिले में 4 एफपीओ का गठन कर उनको सशक्त बनाने में प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिससे 2500 किसान को फायदा मिला है। ग्रामीण विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर के महत्व को जानकार आरआईडीएफ अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचन, परिवहन और संचार सुविधाओं में सुधार हुआ है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे कई ग्रामीण परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिला है।राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कम्प्यूटरीकरण के लिए केंद्र प्रायोजित परियोजना के कार्यान्वयन का नेतृत्व कर रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य पीएसीएस को कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) वातावरण में एकीकृत करना है, जिससे सेवा वितरण में वृद्धि होगी और किसानों को लाभ होगा। जिले के सभी 74 पैक्सों का पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा, सहकारिता मंत्रालय की सहकार-से-समृद्धि योजना के तहत, नाबार्ड जिले में बहुउद्देशीय पैक्स स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य इन जमीनी स्तर की सहकारी समितियों को उनकी सेवाओं में विविधता लाकर और उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करके गतिशील आर्थिक संस्थाओं में बदलना है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के अधिकारी श्री मनोज कुमार नायक, जिला विकास प्रबंधक ने कहा कि उनके प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है

### कृषि, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को मिल रहा बढ़ावा

**शुभांक**

4-5-7

580-3 144-9

**भाग्यांक**

147-2 345-2

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में चर्चा में रहा अंजी खाद पुल कहाँ स्थित है?*

*2) गणतंत्र दिवस परेड 2025 में उत्तराखंड की झांकी के लिए किस विषय का चयन किया गया है?*

*3) अयोध्या का पौराणिक प्राचीन नाम क्या है?*

*4) हाल ही में 140 वां राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना दिवस कब मनाया गया?*

*5) हाल ही में दिवंगत हुए एम.टी.वासुदेवन नायर कौन थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) जम्मू कश्मीर (2) साहसिक खेल (3) साकेत (4) 28 दिसंबर (5) लेखक

## राजनांदगांव विकास खंड शिक्षक खो-खो प्रशिक्षण हुए शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो संघ और जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय आवासी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खो खो ( निर्णायक ) टेक्निकल ऑफिशियल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम लेवल वन 27 से 29 दिसम्बर 2024 तक ग्राम लाटमेटा जिला राजनादगांव में आयोजित किया गया ।



खो-खो टेक्निकल ऑफिशियल्स प्रशिक्षण में खो-खो का इतिहास, मैदान निर्माण, खो-खो खेल का रूल ऑफ गेम, रूल रेगुलेशन, खो खो खेल का स्किल, टेक्निकल ऑफिशियल्स ड्यूटी, स्कोर शीट, ग्राउंड प्रेक्टिकल वर्क, फिटनेस एक्सरसाइज एवम अन्य खो-खो के सूक्ष्म जानकारी दिया गया । इस टेक्निकलऑफिशियल्स प्रशिक्षण में राजनांदगांव विकास खंड से टेक्निकल ऑफिशियल्स हरि राम साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा, मुकेश कुमार देवांगन प्रधान पाठक प्राथमिक शाला जोरातराई बोरी, धर्मेंद्र दास साहू सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला चारभाठा ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

## निधन

**अधिवक्ता ठाकुर जीवराखन सिंह**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्राह्मण पारा निवासी ठाकुर जीवराखन सिंह का दिनांक 30 दिसंबर 2024 को प्रात: 9:15 बजे निधन हो गया। उनकी उम्र 93 वर्ष थी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके पुत्र विनोद ठाकुर, सुबोध ठाकुर और पुत्रियां सुधा ठाकुर एवं संजू ठाकुर शोकाकुल हैं।



**परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर-** ठाकुर जीवराखन सिंह 'अधिवक्ता' ब्राह्मण पारा के सम्माननीय व्यक्ति थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि अंतिम संस्कार आज दोपहर 2:30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम लखोली में किया जाएगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लोग उनके निवास स्थान, ब्राह्मण पारा, राजनांदगांव पहुंच रहे हैं।

## निधन

**डोमन साहू**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के अंतर्गत मोहड़ वार्ड निवासी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन साहू के पुत्र डोमन साहू (26 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। मोहड़ के श्मसान हो गया। मोहड़ के श्मसान घाट में आज दोपहर में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं के अलावा जनप्रतिनिधियों एवं कई किसान नेता शामिल हुए। जिला साहू एवं नगर साहू संघ ने डोमन के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।



# प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के नेतृत्व में प्रदेश के सबसे बड़े सौलर पॉवर प्लाट में निरीक्षण करने पहुंची राष्ट्रीय एक्सपर्ट की टीम

### डुंडेरा (टप्पा) के 452 एकड़ भू-भाग में 960 करोड़ की लागत से बनी है सौलर पॉवर प्लांट, देश का पहला सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज छत्तीसगढ़ में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान रायपुर के प्रोफेसरों की टीम राजनांदगांव जिले के टप्पा (डुंडेरा) में स्थापित पहले प्रदेश के सबसे बड़े सौलर पॉवर प्लांट का रिसर्च करने पहुंची। राष्ट्रीय एक्सपर्ट की टीम ने 452 एकड़ के भू-भाग में 960 करोड़ की लागत वाले इस पॉवर प्लांट के सभी क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए स्थापित उपकरणों की क्षमता एवं तकनीकियों को बारिकी से परखा। पॉवर कंपनी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में भविष्य मे इस तरह के बड़े सौलर पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए वृहद स्तर पर कार्ययोजना हेतु प्रबंधकीय कार्य का रिसर्च करने यहां टीम दस्तक दी। **मौजूद रहे एक्सपट:-** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की टीम में डॉ. शुभ्रता गुप्ता, डॉ. अनामिका यादव, डॉ. सचिन जैन, डॉ. स्वप्नजीत पटनायक, डॉ. बैद्यनाथ बैग, डॉ. डी सुरेश एवं डॉ. रंजन कुमार शामिल रहे। इस दौरान प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर के अलावा कार्यपालक निदेशक श्री आर.ए. पाठक, अधीक्षण अभियंता श्री बिम्बिसार, राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता श्री के.सी. खोटे, कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. गोस्वामी, श्री नुरेन्द्र साहू सहित अन्य मौजूद रहे। राजनांदगांव में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापना का कार्य सोलर कॉरपोरेशन ऑफइंडिया (सेकी) एवं छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपा गया। इस कंपनी द्वारा 01 फरवरी 2024 को संयंत्र स्थापना कार्य पूर्ण कर कार्यशील किया गया। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है। इस प्लांट की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें 660 वॉट क्षमता के कुल 2 लाख 39 हजार बाईफेसियल सोलर पैनल स्थापित किये गये हैं, जिससे पैनल के दोनों ओर से प्राप्त सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली का निर्माण किया जा रहा है। इसकी कुल परियोजना




लागत 960 करोड़ रूपये हैं, जो कि सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन कर आगामी सात वर्षों तक प्राप्त हो जाएगी। इस पार्क के माध्यम से प्रति दिन लगभग 5 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आ रही है एवं हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रहा है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में यह परियोजना देश एवं प्रदेश में उत्कृष्ट मॉडल के रूप में देखा जाएगा। साथ ही ऐसे अनेक परियोजनाओं पर क्रेडा द्वारा कार्य किया जा रहा है। राज्य में सोलर से बिजली सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ रोड पर ग्राम ढ़ाबा के आस-पास के 4-5 गांव के पहाड़ी क्षेत्र में स्थापित किया गया है। संयंत्र के साथ स्थापित बैटरी सिस्टम के माध्यम से रात्रि में भी बिजली प्रदाय की सुविधा रहेगी। इससे प्रतिदिन 5 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा और लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, इससे हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। राजनांदगांव में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापना का कार्य सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) एवं छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपा गया। इस कंपनी द्वारा 01 फरवरी 2024 को संयंत्र स्थापना कार्य पूर्ण कर कार्यशील किया गया। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है। इस प्लांट की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें 660 वॉट क्षमता के कुल 2 लाख 39 हजार बाईफेसियल सोलर पैनल स्थापित किये गये हैं, जिससे पैनल के दोनों ओर से प्राप्त सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली का निर्माण किया जा रहा है। इसकी कुल परियोजना लागत 960 करोड़ रूपये हैं, जो कि सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन कर आगामी सात वर्षों तक प्राप्त हो जाएगी। इस पार्क के माध्यम से प्रति दिन लगभग 5 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आ रही है एवं हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रहा है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में यह परियोजना देश एवं प्रदेश में उत्कृष्ट मॉडल के रूप में देखा जाएगा। साथ ही ऐसे अनेक परियोजनाओं पर क्रेडा द्वारा कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ शासन द्वारा राजनांदगांव जिले के बैरन पहाड़ी क्षेत्र के उत्तम उपयोग के दृष्टिकोण से देश एवं प्रदेश के प्रथम सोलर पार्क की स्थापना का निर्णय लिया गया। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रारंभ वर्ष 2016 में हुआ। इसके तहत् ग्रिड कनेक्टेड मेगा साईज सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के द्वारा दो चरणों में सोलर पार्क की स्थापना का कार्य प्रस्तावित किया गया तथा इस हेतु कुल 17 गांव की 626.822 हेक्टेयर शासकीय भूमि की मांग की गई थी जिसमें कुल 09 गांव की 377.423 हेक्टेयर भूमि जिला प्रशासन, राजनांदगांव द्वारा आबंटित की गई। सोलर पार्क स्थापना के प्रथम चरण में 05 गांव के (16 खसरे) कुल 181.206 हेक्टेयर शासकीय भूमि का सर्वे कर आबंटन प्राप्त किया गया,

# नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के बाह्य प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो से 9 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। पशु मालिकों की सजगता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने घुमन्तु मवेशियों को



पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज बाह्य प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो आर.के. नगर, कमला कालेज रोड, महेश नगर, बसंतपुर रोड व नेहरू नगर आदि क्षेत्रों से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 9 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

## मतदाता सूची में नाम जोडाने महापौर एवं निगम आयुक्त ने युवाओं से की अपील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसाद निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता कार्यक्रम 15 जनवरी 2025 तक संचालित है। जिसके तहत मतदाता सूची में नाम जोडाने एवं डूप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य 5 जनवरी 2025 तक मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है।

इस संबंध में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि जिनके द्वारा मतदाता सूची में नाम नहीं जोडाया गया है वे अपने नजदिकी मतदान केन्द्र मे जाकर नाम जोडा ले, साथ ही वे युवक युवतिया जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वे अपना नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराये, ताकि वे विभिन्न चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने पार्षदों से भी अपील करते हुये कहा है कि अपने अपने वार्ड के पात्र मतदाताओं का नाम जोडने एवं डूप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने कार्य निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर 5 जनवरी 2025 तक पूर्ण कर लेवे।

# श्रद्धा भगवत प्राप्ति की कुंजी है : पंडित दिग्विजय शर्मा

### संकल्प से सिद्धि की प्रप्ति होती है, श्री हनुमान श्याम मंदिर में शिव महापुराण कथा की हो रही मीमांसा

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री शिव महापुराण कथा के सुनने से व्यक्ति के जीवन में पुण्य उदय होते हैं जिससे ज्ञान, भक्ति एवं वैराग्य प्रकट होता है। बहू सास की सुने, पुत्र पिता की सुने, व्यक्ति गुरु की सुने, बुजुर्गो को सुने, वेद ग्रंथ सुने, जिससे हमारा आत्म कल्याण होगा। किसी की निंदा एवं ओछी बातें कभी ना सुने, ना कहे। अच्छी सोच धनात्मक एवं संरचनात्मक होती है। अच्छे के लिए बोलना , सोचना, सुनना मंगलकारी होगा। जो बोएंगे वही काटेंगे। कन्याओं के कान में छिद्र कराकर बाली इसलिए पहनाई जाती है कि वह जब बहू बनकर दूसरे घर में जाएगी तो उसे सुनना आएगा। उक्त उद्गार आज यहां श्री हनुमान श्याम मंदिर में आयोजित अठारह दिवसीय श्री सुंदरकांड महाकुंभ के तीसरे दिन श्री शिव महापुराण कथा की मीमांसा करते हुए अरजकुंड निवासी सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित दिग्विजय शर्मा ने व्यक्त किए।


श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों की ओर से गणेश मिश्रा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संतश्री ने आगे कहा कि मनुष्य में स्वयं भगवान जैसा तत्व है, इसे बर्बाद ना करें। हम स्वयं को जाने। कस्तूरी मृग के भीतर होती है, पर समस्या यह है कि हम उसे बाहर ढूंढते हैं, भीतर नहीं देखते। भीतर देखते ही संकट के कोहरे छठ जाएंगे। श्रवण सबसे बड़ा संस्कार है,अर्जुन को गीता सुननी पड़ी तब उसका हृदय जागृत हुआ, सुनने से भ्रम का नाश होता है। अज्ञानता का अंत होता है। भय से पलायन होता है और व्यक्ति पलायन कर डर से भागता है। कथाएं पलायन से मुक्ति दिलाती है। अर्जुन पलायन करना चाहता था, कृष्ण ने गीता सुनाई तब उसे जागृति प्राप्त हुई। अर्जुन ने गीता के 18 अध्याय सुनने के पश्चात कहा कि हे माधव, मेरी स्मृति जागृत हो गई है मैं स्वयं को पहचान गया हूं। अब आप जो कहेंगे मैं वही करूंगा। संत श्री ने कहा कि श्रद्धा,



विवेक को जाग्रत करती है, निर्भयता कथाओं के श्रवण से आती है। वृक्षारोपण, जल संचय, सरोवर की स्वच्छता, प्रकृति का संरक्षण, दलित पीड़ित की सेवा से ही मानव जीवन की सफलता है । अन्यथा जीवन बेकार है। अश्रद्धा संशय पैदा करती है। स्वयं को जानना ही ईश्वर भक्ति है, मैं कौन हूं, इसका उत्तर सिर्फ भारत भूमि में ही मिलता है। परम पुरुष कौन है, भगवान को जान जाएंगे तो फिर स्वयं भगवान हो जाएंगे। ज्येष्ठ, शास्त्र, सनातन, माता-पिता का सम्मान ही भारतीय संस्कृति का परम ज्ञान है। संत श्री ने कहा कि श्रवण के प्रति श्रद्धा होनी चाहिए। श्रद्धा वह चाबी है जो मूल्यवान वस्तु को तिजोरी में सुरक्षित रखती है। श्रद्धा भगवत प्राप्ति की कुंजी है। जिसमें कथा व प्रभु के प्रति श्रद्धा होगी उसे भगवत प्राप्ति से कोई नहीं रोक सकता। श्रद्धा से पुरुषार्थ आता है। समूची सृष्टि सदगुण , रजोगुण एवं तमोगुण से बनी है संकल्प से सिद्धि की प्राप्ति होती है। प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए ,संकल्प बड़ा होना चाहिए। इंद्रियों पर अंकुश होना चाहिए। धर्म प्रकाशवान है, सूर्योदय है, विशाल है। ऊर्जा का सदुपयोग करें। ऊर्जा के बिना प्राणी मृतप्राय है। इत्र की डब्बी का ढक्कन खोले बिना भी इत्र की सुगंध प्राप्त हो जाती है, सनातन की सुगंध सात समंदर के पार भी है। धर्म के माध्यम से मनुष्य को नियंत्रित किया जा सकता है। चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम का सदुपयोग से ही मोक्ष की प्राप्ति होगी। भगवान राम हमें चरित्र का निर्माण सिखाते हैं, संयम से रहना सीखे, सीमा का उल्लंघन न करें। माता सीता ने सीमा रेखा लांघी, तब उनका हरण हुआ। कथा मन की व्यथा को दूर करती है। सती प्रथा पर बोलते हुए संत श्री ने कहा कि वामपंथी विचारधारा के लोगों ने हमारी सनातन संस्कृति को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया है। कथा प्रतिदिन शाम 05:30 बजे से प्रारंभ हो रही है।

## धर्म समाचार....

# कब और कैसे लगता है शेषनाग कालसर्प दोष? इन उपायों से करें बचाव




धार्मिक मत है कि देवों के देव महादेव की पूजा करने से कुंडली में व्याप्त अशुभ ग्रहों का प्रभाव समाप्त हो जाता है। अत: ज्योतिष कुंडली में दोष लगने पर भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। वहीं प्रबल दोष लगने पर निवारण जरूरी है। अमावस्या तिथि पर कालसर्प दोष का निवारण किया जाता है।

मायावी ग्रह राहु और केतु अगले साल राशि परिवर्तन करेंगे। वर्तमान समय में राहु मीन राशि में विराजमान हैं और केतु कन्या राशि में विराजमान हैं। राहु और केतु दोनों वक्री चाल चलते हैं। राहु और केतु एक राशि में डेढ़ साल तक रहते हैं। इसके बाद राशि परिवर्तन करते हैं। राहु और केतु की कुदृष्टि के चलते जातक को अपने जीवन में कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्योतिषियों की मानें तो राहु और केतु के चलते कुंडली में कई प्रकार के दोष लगते हैं। इनमें कालसर्प दोष को बेहद कष्टकारी माना जाता है। आइए, शेषनाग कालसर्प दोष के बारे में सबकुछ जानते हैं-

**शेषनाग कालसर्प दोष के प्रभाव-** शेषनाग कालसर्प दोष से पीड़ित जातक के जीवन में अकल्पनीय घटना की संभावना बनी रहती है। इसके लिए शेषनाग कालसर्प दोष से पीड़ित जातक को यात्रा करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इसके साथ ही पेट संबंधी परेशानी भी होती है। मायावी ग्रह राहु और केतु की वजह से जातक के स्वभाव में बदलाव देखने को मिलता है ।

**कब बनता है शेषनाग कालसर्प दोष?-** ज्योतिषियों की मानें तो मायावी ग्रह राहु के बारहवें भाव और केतु के छठे भाव में रहने पर कुंडली में शेषनाग कालसर्प दोष लगता है। इस समय अन्य ग्रहों का विचार भी किया जाता है। शेषनाग कालसर्प दोष के दौरान राहु और केतु के मध्य सभी शुभ और अशुभ ग्रहों का रहना जरूरी है। कुंडली में इस प्रकार की स्थिति बनने पर शेषनाग कालसर्प दोष बनता है। अत: प्रकांड ज्योतिष से कालसर्प दोष का विचार कराएं।

**उपाय-** ज्योतिषियों का कहना है कि शेषनाग कालसर्प दोष का निवारण तत्काल से जरूरी है। अनदेखी



करने से जीवन में नाना प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जब तक शेषनाग कालसर्प दोष का निवारण नहीं कराते हैं, तब तक भगवान शिव की पूजा करें। भगवान शिव का नियमित रूप से अभिषेक करें। साथ ही रोजाना पूजा के समय महामृत्युंजय मंत्र का जप करें। इसके साथ ही हनुमान चालीसा का भी पाठ करें।

## विनायक चतुर्थी पर रवि योग समेत बन रहे हैं कई संयोग, कारोबार को मिलेगा नया आयाम

भगवान गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। अत: भगवान गणेश की पूजा करने से जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के विघ्न दूर हो जाते हैं। साथ ही घर में सुख एवं समृद्धि का आगमन होता है। साधक विशेष कार्य में सफलता पाने के लिए चतुर्थी तिथि पर व्रत भी रखते हैं। इस व्रत की महिमा शास्त्रों में वर्णित है।



वैदिक पंचांग के अनुसार, 03 जनवरी को विनायक चतुर्थी है। यह पर्व हर महीने शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। वहीं, आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है। बड़ी संख्या में भक्तगण चतुर्थी तिथि पर देव दर्शन के लिए मंदिर जाते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो विनायक चतुर्थी पर रवि योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में भगवान गणेश की पूजा करने से करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलेगी। आइए, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं- विनायक चतुर्थी शुभ मुहूर्त - पौष माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 03 जनवरी को देर रात 01 बजकर 08 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, चतुर्थी तिथि का समापन 03 जनवरी को रात 11 बजकर 39 मिनट पर होगा। इस दिन चन्द्रास्त रात 09 बजकर 09 मिनट पर होगा। यह गणना अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार है। अत: 03 जनवरी को विनायक चतुर्थी मनाई जाएगी।

# एन. एस. एस कैंप में आधा दर्जन से अधिक छात्राओं की तबियत बिगड़ी



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** एन. एस. एस कैंप आए हुए आधा दर्जन छात्रा की एक के बाद एक तबियत बिगड़ जाने के कारण छात्राओं को मजार पर लेजाकर फूंक्क- झाड़ करवाने का मामला प्रकाश में आया है. बताया जाता है कि शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला बोरतलाव के छात्र- छात्राओं को एन. एस. एस कैंप के लिए ग्राम पंचायत बरनाराकला स्थित उच्चत्तर माध्यमिक शाला में कैंप के लिए लाया गया था. छात्र- छात्राओं की संख्या 49 बताई गई है. यह कैंप 24 दिसम्बर 30 दिसम्बर तक सात दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया था. कैंप प्रारंभ होने के दूसरे दिन से ही छात्राओं की तबियत बिगड़ने लगी थी परंतु छात्राओं को डॉक्टर से दिखाने के स्थान पर कैंप को लीड करने वाले शिक्षक के द्वारा बरनारा स्थित राउरकसा मजार लेजाकर झाड़फूंक्क कराकर कैंप लाया गया वहीं 29 दिसम्बर को आधा दर्जन से अधिक एकाएक तबियत बिगड़ जाने के कारण इन छात्राओं को पुन: मजार लेजाकर झाड़फूंक्क कराई गई. बरनाराकला के सरपंच लीलाराम धुर्वे को जानकारी होने पर सरपंच ने आपत्ति जताते हुए इस घटना की जानकारी बोरतलाव सरपंच को दी. इसका भांडाफोड़ होते ही कैंप में हड़कंप मच गया. देर रात मौका पर पहुँचने पर देखा गया कि छात्राएं बीमार हालत में स्कूल के कमरे में अर्ध बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी. छात्राओं से चर्चा करने पर छात्र- छात्राओं ने बताया कि बीमार होने वाली छात्राओं के नाम कीर्ति सहारे, प्रियंका उइके, वाणी टेकाम, धनेश्वरी ठाकरे, मोनिका यादव, करिश्मा लिल्हारे सभी निवासी बोरतलाव का बताया गया है. छात्र- छात्राओं ने बताया कि गुरुजी डोंगरगढ़ गए हुए है छात्रा की तबियत बिगड़ने के बाद मजार ले जाया गया था और इसकी सूचना गुरुजी को दी गई है. जिसके बाद सरपंच श्री धुर्वे के द्वारा सभी छात्राओं को लाया गया. गुरुजी के पहुँचने के बाद दो छात्राओं की तबियत बिगड़ गई जिसे गुरुजी अपने मोटर साइकिल पर बैठाकर मजार में झाड़फूंक्क कराने ले गए. घटना की जानकारी प्रधान प्राचार्य वंदना चौरे को मिलने पर देर रात कैंप पहुँचकर मामले को संज्ञान में लेते हुए बीमार छात्राओं को अपने गाड़ी में बैठाकर देर रात उनके घर छोड़ दिया गया है. नियमानुसार कैंप का आयोजन की अनुमति दी गई थी और 30 दिसम्बर को कैंप समाप्त हो गया है ड्यूटी लगाने का कार्य मेरा नहीं है बताया गया. कैंप लीड कर रहे शिक्षक विघानंद डोंगरे से चर्चा करने पर बताया गया कि कैंप लगाने की सूचना बीओ को दी गई थी. नियमानुसार कैंप में 49 बच्चे गए थे जिसमें 21 छात्र तो 28 छात्राएं थी. छात्र- छात्राओं की देखरेख के लिए कंचना यादव व मेरी ड्यूटी लगाई गई थी. घटना के समय फ्रेश होने के लिए मैं डोंगरगढ़ स्थित घर आ गया था और घटना की सूचना मिलते ही मैं कैंप पहुँचकर छात्र- छात्राओ के स्वास्थ्य का जायजा लिया और इसकी सूचना प्राचार्य मैडम को दी. इधर जिला शिक्षा अधिकारी पी. बघेल से चर्चा करने पर बताया गया कि कैंप लगाने से पहले जिला कार्यालय से अनुमति नहीं लिया गया है. छात्राओं के साथ शिक्षिका को भेजना था और छात्राओं की तबियत बिगड़ने के बाद डॉक्टर से इलाज कराना था जो नहीं कराया गया जो घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है इसके लिए प्रभारी प्राचार्य एवं संबन्धित शिक्षक शिक्षिका के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी. श्री बघेल ने कहा कि 27 दिसम्बर को मैं बोरतलाव स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचा था परंतु कैंप की जानकारी नहीं दी गई जो गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है. दूसरी ओर एसडीएम मनोज मरकाम ने भी मामले की जांच का आदेश देकर शाम तक रिपोर्ट देने कहा गया है.



**झाड़ फूंक कराने ले गए शिक्षक मजार**

**मामला- बोरतलाव हाईस्कूल का**

## ग्राम कुमरदा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**कुमरदा ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम कुमरदा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन भक्तों और स्थानीय लोगों के लिए एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था।



श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में भगवान कृष्ण के जीवन और उनकी शिक्षाओं का विस्तार से वर्णन किया गया है। कथा के माध्यम से, भक्तों को भगवान कृष्ण की महिमा और उनकी शिक्षाओं को समझने का अवसर मिलता है। कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस कथा के आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त और स्थानीय लोग समधुर भजनों के साथ झूम उठे और श्रीकृष्ण को पालकी में झुलाया गया। आयोजन के दौरान, भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की गई और उनकी महिमा का गायन किया गया। यह आयोजन न केवल भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था, बल्कि यह सामुदायिक एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए भी आयोजित किया गया था।भगवत कथा के माध्यम से मनुष्य में मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने का रास्ता बताया गया है। इस आयोजन के माध्यम से, ग्राम कुमरदा के लोगों ने भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया और सामुदायिक एकता और समरसता को बढ़ावा देने के लिए काम करने का वचन दिया। पूरे आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में महिला व पुरूष वर्ग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी ज्ञान चंद साहू ने दी।

## कमला कालेज में प्रायोगिक परीक्षा 2 से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालयए राजनांदगांव के बीएससी गृहविज्ञान (डीएससी/जीई) प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) एवं बीए गृहविज्ञान (डीएससी) प्रथम सेमेस्टर की नियमित एवं प्राईवेट छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर गृह विज्ञान प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 2 जनवरी 2025 से प्रारंभ है। अत: बीएससी (गृहविज्ञान) एवं बीए (गृहविज्ञान) विषय (डीएससी/जीई) से संबंधित छात्राएं गृह विज्ञान विभाग में संबंधित विषय के सहायक प्राध्यापकों से प्रायोगिक फाईल एवं आवश्यक सामग्री अनिवार्य रूप से जांच करवा लें। सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा में आवश्यक प्रायोगिक फाईल व सामग्री के साथ समय से आधे घंटे पूर्व गृहविज्ञान विभाग में उपस्थित होंवे। उक्त दिनांक एवं समय पर उपसिथित न होने पर छात्राओं की स्वयं की जिम्मेदारी होंगी।

## आदर्श आचरण संहिता का पालन करने के निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता संबंधित क्षेत्रों में लागू कर दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आयोग के निर्देशानुसार सभी शासकीय विभागों एवं उनके अधीन सार्वजनिक उपक्रमों, मण्डलों, निगमों के कर्मचारियों को निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा दिनांक से निर्वाचन परिणामों की घोषणा दिनांक तक आदर्श आचरण संहिता का पालन करने निर्देशित किया है।

# सफर ए शहादत पर निकाली शोभायात्रा, दशमेश पिता के वीर बालकों को किया याद

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में आज दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादों की याद में सफर ए शहादत के नाम से शोभायात्रा निकाली गई।मौन निकाली गई इस शोभायात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा के द्वारा गुरुद्वारा प्रांगण से हुआ। शोभायात्रा रेलवे चौक टॉकीज चौक जयस्तम्भ चौक गोल बाजार जैन मंदिर मार्ग होती हुई वापस गुरुद्वारा जाकर समाप्त हुई । जगह-जगह पर लोगों ने अपने विचार भी व्यक्त किया शोभायात्रा का स्वागत भी जगह-जगह हुआ। अतिथियों मे डॉक्टर पन्नालाल बाफना शशिकांत द्विवेदी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल स्काउट गाइड के स्टेट कमिश्नर गोपाल खेमुका सहित अन्य लोगों ने गुरु गोविंद सिंह के चार साहिब जादों को हिंदू धर्म की रक्षा के लिए पिता दशमेश सहित कुर्बानी देने का बखान करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कि किस तरह गुरु साहब का पूरा परिवार हिंदू धर्म की रक्षा के लिए देश के लिए कुर्बान हो गया यह इतिहास में अंकित है किंतु विगत 60 वर्षों से जनता के सामने नहीं लाया गया। वर्तमान सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में चार साहबजादों को याद करने तथा प्रत्येक शासकीय अर्ध शासकीय संस्थानों में उनकी जीवनी उनके क्रियाकलापों व देश के लिए उनकी कुर्बानी को याद करने की जो परंपरा प्रारंभ की है वह निश्चित रूप से सराहनीय है। इसके लिए सिख समाज ने भी प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। शोभायात्रा में समाज के प्रधान परमजीत सिंह पूर्व प्रधान गुरविंदर सिंह अमरदीप सिंह हरपाल सिंह जसदीप सोनू जरनैल सिंह अरोरा अमित जैन शशिकांत द्विवेदी सुरेंद्र सिंह बन्नोआना सुनील जैन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल कुलवंत कक्कड़ डीपी शर्मा मनोज अग्रवाल डॉक्टर पन्ना बाफना राकेश अग्रवाल प्रकाश चोरडिया जसमीत बन्नोआना विजेंद्र सिंह ठाकुर महेंद्र अग्रवाल हरीश मोटघरे विनीत यादव गुड्डी यादव अनीता इंदुरकर रामसाय डडसेना प्रिंस कक्कड़ शम्मी भाटिया इंद्रपाल सिंह राजा पालिकाध्यक्ष सुदेश मेश्राम हरीश भंडारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए व चार साहिबजादों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की गुरुद्वारा पहुंचकर कीर्तन के बाद अरदास हुई तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। बड़ी संख्या में अन्य समाज के लोग उपस्थित थे।



## शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 6 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 बजरंगपुर नवागांव, वार्ड लखोली, वार्ड क्रमांक 20 पेन्ड्री तथा वार्ड क्रमांक 2 नवांगांव में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 6 जनवरी 2025 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक जिले में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति निर्धारित तिथि तक कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) राजनांदगांव में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत की जाएगी।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com